भाकृअनुप – केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर

स्वच्छता पखवाड़ा दैनिक रिपोर्ट : 16 दिसंबर 2023

केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसन्धान संस्थान अविकानगर द्वारा आज शनिवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशानुसार निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर की अध्यक्षता में संस्थान के मुख्य भवन के सामने समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा अपने देश एवं अपने आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाने के लिए स्वच्छता शपथ ली गई तथा निदेशक महोदय ने उपस्थित सभी स्टाफ को सम्बोधन मे संस्थान को अपना परिसर समझकर सफाई करने का आह्वान किया। शपथ के उपरांत संस्थान भवन के आस पास सफाई कार्य कर्मचारियों एवं सफाईकर्मी द्वारा निदेशक के मार्गदर्शन मे किया गया। संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा दिनांक 16-31 दिसंबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इस पखवाड़े के दौरान संस्थान के सभी कार्यालयों, सेक्टर्स, विद्यालयों, आवासीय परिसर, अंगीकृत एवम गैर अंगीकृत गांवों में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जायेगा।